प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 13.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नये प्रधानमंत्री कार्यालय सेवा तीर्थ का किया उदघाटन, सेवा तीर्थ से महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए दी नई योजनाओं को मंजूरी।
2. प्रदेश भाजपा ने कथित रूप से गिरती कानून व्यवस्था पर राज्य सरकार को घेरा, प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू का आरोप लोगों को सुरक्षा देने में सरकार विफल।
3. संथाल परगना का प्रसिद्ध राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव आज से शुरू, आठ दिवसीय मेले का ग्राम प्रधान ने किया उदघाटन।
4. कोल विद्रोह के महानायक वीर बुधु भगत के शहादत दिवस पर दी गयी श्रद्धांजलि, राज्यपाल और मुख्यमंत्री समेत कई गणमान्य लोगों ने किया नमन। और
5. लोहरदगा की टीम ने बलदेव साहू मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का जीता खिताब, मुख्यमंत्री ने ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नए प्रधानमंत्री कार्यालय ‘सेवा तीर्थ’ का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने नए दफ्तर के सबसे पहले निर्णयों में ‘सेवा भावना’ को प्राथमिकता देने का भी संदेश दिया। श्री मोदी ने महिलाओं, युवाओं और कमजोर वर्ग के लिए अहम फैसलों से जुड़ी जरूरी फाइलों पर हस्ताक्षर किए। श्री मोदी ने अब से थोड़ी देर पहले सेवा तीर्थ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन भारत की विकास यात्रा में नये युग का साक्षी बनेगा।

****

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने कथित गिरती कानून व्यवस्था पर राज्य सरकार को घेरा है। श्री साहू ने आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झामुमो और कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार में रांची स्थित समाहरणालय और सिविल कोर्ट को बम से उड़ने की खुलेआम धमकी दी जा रही है।

****

राज्य के 48 नगर निकायों में होने वाले चुनाव के लिए प्रचार अभियान चरम पर है। खूंटी नगर पंचायत चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 19 वार्ड हैं, जिसमें 30 मतदाता बूथ शामिल हैं।

****

कर्मचारी चयन आयोग की ओर से एमटीएस पद के लिए पिछले दिनों ऑनलाइन परीक्षा ली गयी थी। इसके लिए धनबाद जिले के गोविन्दपुर थाना क्षेत्र में भी एक परीक्षा केन्द्र बनाया गया था, जहां कदाचार का मामला सामने आया था। इस मामले में पुलिस ने दो परीक्षार्थियों और परीक्षा केन्द्र के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है।

****

कोडरमा पुलिस ने हथियारों की खरीद बिक्री करने वाले गिरोह के एक सदस्य को सतगावां के कटैया पंचायत के गजहड टोला से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सदस्य के पास से पुलिस ने दो कारबाईन, दो रायफल, पांच जिंदा कारतूस और मोबाइल बरामद किया गया है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के निर्देश पर राजधानी रांची स्थित लोकभवन उद्यान आम लोगों के परिदर्शन के लिए पन्द्रह फरवरी तक खुला रहेगा। आज भी लोकभवन उद्यान को करीब पन्द्रह हजार लोगों ने भ्रमण और परिदर्शन किया।

****

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की ओर से आयोजित सप्तशक्ति संगम का आज रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में समापन हो गया। राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित इस समारोह में संबोधित करते हुए पद्मश्री चामी मुर्मू ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं अपने अधिकार और कर्तव्य दोनों के प्रति जागरूक हुई हैं। उन्होंने कहा कि पहले की अपेक्षा महिलाओं का सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्र में विकास हुआ है।

****

झारखंड समेत देशभर में आज विश्व रेडियो दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के बाद एक बार फिर रेडियो का दौर लौटा है। जमशेदपुर के कदमा उलियान इलाके में रहने वाले 65 वर्षीय चिन्मय महतो ने अपने घर में 900 से अधिक प्रकार के रेडियो का अनमोल संग्रह सहेजकर रखा है।

****

संथाल परगना का प्रसिद्ध राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव आज से शुरू हो गया। बीस फरवरी तक चलने वाले इस आठ दिवसीय मेले का उदघाटन ग्राम प्रधान ने किया। जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बताया कि मेले में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगायी गयी है।

****

कोल विद्रोह के महानायक अमर शहीद वीर बुधु भगत के शहादत दिवस पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई गणमान्य लोगों ने उन्हें नमन किया है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने वीर बुधु भगत को नमन करते हुए कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा शोषण और अत्याचार के खिलाफ उनका साहस, नेतृत्व और बलिदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

****

लोहरदगा में आयोजित बलदेव साहू मेमोरियल टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज लोहरदगा और पलामू के टीमों के बीच खेला गया। इसमें लोहरदगा की टीम ने पलामू को आठ विकेट से पराजित कर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में कई मंत्री, विधायक, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग और हरभजन सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

*******समाप्त*********